दिन– बुधवार दिनांक– 03/06/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

ग्रामीण विकास मंत्री राजीव रंजन सिंह ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किये। देशभर की बयालीस उत्कृष्ट पंचायतों को ग्रामीण विकास, सुशासन, जनभागीदारी, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं तथा सतत विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए दो श्रेणियों में ये पुरस्कार प्रदान किये गए। समारोह में बिहार के अठारह जिलों की विभिन्न पंचायतों को अलग–अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

———————————————————

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि राज्य के तेरह जिलों में आयोजित होने वाले श्रावणी मेले के लिए दो करोड़ पच्चीस लाख रुपये की राशि आवंटित की गयी है। उन्होंने कहा कि यह राशि मेला क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए खर्च की जाएगी। श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने बताया है कि लगभग चालीस हजार छात्रों ने सफलतापूर्वक पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा कर दिए हैं। यह प्रक्रिया बिना किसी समस्या के पूरी कर ली है। बोर्ड ने कल कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए उत्तर पुस्तिकाओं की त्रुटियों के सत्यापन और उत्तरों के पुनर्मूल्यांकन के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोला था। यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने अपनी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन की गई प्रतियां प्राप्त कर ली हैं।

———————————————————

भागलपुर के विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त हिस्से पर निर्मित बेली ब्रिज पर वाहन परिचालन का ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान ढाई टन वजन वाले चार पहिया

वाहन को बीस से तीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाकर पुल की मजबूती की जांच की गयी। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार वाहनों का परिचालन पूरी तरह सफल रहा।

———————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ भभुआ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। भागलपुर और शेखपुरा का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, आज राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पश्चिम हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————————————

युवा, रोजागर और कौशल विकास विभाग की ओर से दरभंगा में कल से छह जून तक अलग–अलग प्रखंडों में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में अठारह से बयालीस आयु वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इधर, खगड़िया में भी कल एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

———————————————————————

सीवान जिले के बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में एक युवक की पीट–पीटकर हत्या के मामले में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने डायल–112 पर तैनात पुलिस अवर निरीक्षक संजीव कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं, दो गृहरक्षकों के अनुबंध निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

———————————————————————

सुपौल के जिलाधिकारी सावन कुमार ने लोक शिकायत निवारण से संबंधित मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में निर्मली के अंचलाधिकारी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

———————————————————————

कटिहार रेल मंडल में चल रहे दोहरीकरण और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्य के कारण रेलवे ने बारह जून को सहरसा–सियालदह हाटे बाजार एक्सप्रेस के परिचालन मार्ग में बदलाव किया है। इस दिन यह ट्रेन पूर्णिया–बनमनखी–मधेपुरा मार्ग की जगह मानसी–नवगछिया–कटिहार के रास्ते से संचालित होगी।

————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।